राधिका झा I.A.S
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद
राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग रायपुर, देहरादून
दूरभाष 0135-2781941, 42, 43
website: http://ssa.uk.gov.in
email - spd-ssa-uk@nic.in

<u>अति आवश्यक/फैक्स/ई–मेल/आज ही</u>

सेवा में,

1. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

2. समस्त जिला परियोजना अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड।

पत्रांक : रा0प0नि0/997/नि0का0–दै0आ0(32)/2013–14 दिनांक 19 अगस्त, 2013

विषय : गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैवीय आपदा के कारण आपके जनपद के कतिपय विद्यालय पूर्ण एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनकी सूची आपके जनपद द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। प्रेषित की गयी सूची में से कतिपय विद्यालय ऐसे होंगे जिनके पुर्ननिर्माण हेतु स्वयं सेवी संस्थाएं इच्छुक होंगी एवं उनके द्वारा इस सम्बन्ध में प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया होगा। अतः आप ऐसी स्वयं सेवी संस्थाएं जिनके द्वारा क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं, उनसे व्यक्तिगत सम्पर्क कर संस्थाओं से इस आशय की प्रतिबद्धता (Commitment) प्राप्त कर ले कि सम्बन्धित विद्यालयों का पुर्ननिर्माण उनके द्वारा स्वयं के व्यय पर उचित गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से कर लिया जायेगा। अतः आप आपदा से क्षतिग्रसत हुए समस्त विद्यालयों में से उन विद्यालयों को पृथक से निम्न प्रारूप पर इंगित करें जिन विद्यालयों का पुर्ननिर्माण स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जाना प्रस्तावित है ताकि क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण हेतु धनराशि की मांग भारत सरकार से किये जाने पर किसी प्रकार का विरोधाभाष न रहे। तत्सम्बन्धी सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को दिनांक 20 अगस्त, 2013 की बैठक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों का विवरण जिनका पुर्ननिर्माण स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जाना है

<u>जनपद का नाम–</u>

क0 सं0	विद्यालय का नाम	विद्यालय डायस कोड	विकास खण्ड	छात्र संख्या			लागत
				बालक	बालिका	योग	
	योग						

नाम एवं हस्ताक्षर
मुख्य शिक्षा अधिकारी

नाम एवं हस्ताक्षर
जिला परियोजना अधिकारी

भवदीया
(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पृ0सं0: रा0प0नि0/997/नि0का0–दै0आ0(32)/2013–14 तददिनांक।

प्रतिलिपि–1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों के पुर्ननिर्माण हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर अपना सहयोग देने का कष्ट करें।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

D/laxmi\Pad II New SPD nmd 304